# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रं0/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/ 2012/1908 दिनांक : 17.10.2012

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

विषयःस्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर परीक्षा नवम्बर, 2012 के आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक, प्रोजेक्ट एवं वाय–वा परीक्षा के अंक महाविद्यालय के सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित कर भेजने बावत्।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विभिन्न महाविद्यालयों से स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर परीक्षा नवम्बर, 2012 के आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक, प्रोजेक्ट एवं वाय–वा के ऑनलाईन अपडेट किये हुये ( **Foil / Count Foil**.) अंक विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने पर महाविद्यालय के सक्षम अधिकारी (प्राचार्य/प्राचार्या) के समस्त पृष्ठों पर स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील नहीं पायी जाती है इस कारण से विश्वविद्यालय द्वारा इन अंकों को मान्य नहीं किया जाता है व परिणाम घोषित करने में विलम्ब होता है।

अतः समस्त परीक्षाओं के आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक, प्रोजेक्ट एवं वाय–वा के ऑनलाईन अपडेट किये हुये ( **Foil / Count Foil**.) पर प्राचार्य/प्राचार्या द्वारा स्वयं के हस्ताक्षर कराये जाकर सील आवश्यक रूप से अंकित की जाये। अन्यथा महाविद्यालय द्वारा भेजे गये अंकों को मान्य नहीं किया जायेगा।

परीक्षा के आवश्यक कार्य में आपका सहयोग अपेक्षित है।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि :–**

1.कुलपति जी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2.कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (गोपनीय एवं परीक्षा)